FORTUNA PR

Publication	Punjab Kesari	Date	6-8-2017	Page No.	07
Client Name	Kamdhenu	Edition	Jaipur		

कामधेनू लिमिटेड ने लॉन्च किया 'कामधेनू नेक्स्ट'

होटल क्लार्क आमेर में कामधेनू स्टील की प्रेसवार्ता।

जयपुर, (वासं): कामधेनू लिमिटेड ने राजस्थान में नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनू नेक्स्ट लॉन्च किया है। कामधेनू लिमिटेड के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल तथा कंपनी के वरिष्ठ जनरल मैनेजर मार्केटिंग दिलीप मेहरा, ने इस नए उत्पाद को पेश किया। यह अत्याधुनिक उत्पाद है जो एक्सक्लुसिव डबल रिब डिज़ाइन मजबूत इंटरलॉक के लिए 25 गुना मजबूत कॉन्क्रीट-स्टील इंटरलॉक बनाता है और इसकी वजह से यह आधुनिक स्मार्ट निर्माणकला एवं अवधारणाओं के लिए सर्वोत्तम है। अग्रवाल ने बताया कि 'कामधेनू नेक्स्ट' से इमारत भूकम्प एवं इसी तरह के अन्य प्रभावों से भी सुरक्षित रहती है। ऐसे में यह पुल, फ्लाईओवर, बांध, थर्मल एवं हाइडल प्लान्ट, ओद्यौगिक टॉवर, गगनचुम्बी इमारतों, अंडरग्राउण्ड प्लेटफॉर्म बनाने के लिए एकदम उपयुक्त है। मैसर्स अमर प्रताप स्टील प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स लक्ष्मण वीर स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स प्रेम जैन इस्पात उद्योग प्रा लिमिटेड (उपयोगकर्ता लाइसेंस अनुबंधन के अंर्तगत कामधेनु ब्रांड टीएमटी की अधिकृत विनिर्माण इकाइयों) के निदेशकों के साथ राजस्थान के तीन सौ से ज्यादा डीलर इस मौके पर मौजूद थे।